**समाचार**

# कोरबा का सौभाग्य है कि एक तरफ बनारस की रामलीला तो दूसरी तरफ हो रही जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य की रामकथा – मुख्यमंत्री

**(मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय पहुंचे निगम द्वारा आयोजित श्रीरामलीला में, श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना की, भव्य रामलीला आयोजन के लिए महापौर, आयुक्त व आयोजन समिति का किया साधुवाद, उद्योग मंत्री व स्वास्थ्य मंत्री की रही विशेष उपस्थिति)**



कोरबा 30 सितम्बर 2025 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आयोजित श्रीरामलीला में अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति प्रदान करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कोरबा का परम सौभाग्य है कि यहॉ नवरात्रि के पावन पर्व पर एक ओर नगर निगम द्वारा आयोजित बनारस की भव्य रामलीला हो रही है, तो वहीं दूसरी ओर जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य जी महाराज की रामकथा नगरवासियों को भक्तिरस का रसास्वादन करा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रामलीला के सुंदर आयोजन के लिए महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय व आयोजन समिति को साधुवाद देता हूॅ। इस मौके पर प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन व स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल की विशेष उपस्थिति भी रही।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा घंटाघर स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर ओपन थियेटर मैदान में आयोजित श्रीरामलीला में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज आयोजन के तीसरे दिन अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति प्रदान की, उन्होने श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना की तथा इस भव्य आयोजन के लिए साधुवाद दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने नवरात्रि के पावन पर्व की बधाई देते हुए आगे कहा कि कोरबा के भवानी मंदिर के समीप जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य की रामकथा का श्रवण करने व उनका आशीर्वाद प्राप्त करने मैं कोरबा आया हुआ था, इस दौरान उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने मुझे बताया कि यहॉ

निगम द्वारा बनारस की सुप्रसिद्ध रामलीला आयोजित हो रही है, मैंने तुरंत यहॉ आने का निश्चय किया, इस रामलीला के आयोजन में आकर मेरी बचपन की यादें ताजा हो गई। उन्होने कहा कि जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य देश के महान संत हैं तथा अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण में उनका बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है, उन्ही की प्रेरणा से भवानी मंदिर के समीप श्रीमती ज्योति पाण्डेय जी के द्वारा सुंदर मंदिर बनाया गया है, जिसमें भगवान श्रीराम बालस्वरूप में मॉ कौशिल्या की गोद में पधारे हुए हैं, उन्होने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है तथा माता कौशिल्या का मायका है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे आराध्य भी है और हम छत्तीसगढ़वासी उन्हें अपना भांचा भी मानते हैं। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय व आयोजन समिति सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल का शाल, श्रीफल व श्रीराम दरबार भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया।

**जिस गांव में मंदिर बना है, कौशिल्याधाम होगा उसका नाम** – इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भवानी मंदिर के समीप जिस गांव में माता कौशिल्या की गोद में पधारे भगवान श्रीराम का सुंदर मंदिर बनाया गया है, उस स्थल का नामकरण कौशिल्याधाम के नाम पर हम सबके द्वारा किया गया है, अतः मैं उक्त स्थान का नाम '' कौशिल्याधाम '' किए जाने की घोषणा करता हूॅ।

**श्रीरामलला दर्शन योजना से मिली रामलीला कराने की प्रेरणा** – इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि आपके द्वारा प्रदेश के वरिष्ठजनों को भगवान श्रीराम के दर्शन कराए जाने की प्रदेश में क्रियान्वित की गई श्रीरामलला दर्शन योजना से मुझे कोरबा में रामलीला कराने की प्रेरणा मिली, मैंने इस संबंध में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन जी का मार्गदर्शन लिया तथा निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय से चर्चा की और इस रामलीला आयोजन की पटकथा तैयार हुई। उन्होने मुख्यमंत्री श्री साय से कहा कि सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ को आपका प्यार, स्नेह मिल रहा है तथा यह प्यार कोरबा को भी विशेष रूप से भी प्राप्त हो रहा है, जिसके लिए मैं आपका हृदय से आभारी हूॅ।

इस मौके पर निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, भाजपा प्रदेश मंत्री रितु चौरसिया, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल , वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, आयोजन समिति के सचिव अशोक चावलानी, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, डॉ.राजीव सिंह, धनकुमारी गर्ग, ममता यादव, अजय चन्द्रा, पंकज देवांगन, सत्येन्द्र दुबे, चन्द्रमा सिंह राजपूत, कमलेश यादव, वैशाली रत्नपारखी, रूक्मणी नायर, अजय विश्वकर्मा, आरिफ खान, संदीप सहगल, ज्योति वर्मा, राकेश मिश्रा, शिवबालक सिंह तोमर, अर्जुन गुप्ता, परविंदर सिंह, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, आयोजन के नोडल अधिकारी अखिलेश शुक्ला व पवन वर्मा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, भवकांत नायक सहित काफी संख्या में श्रद्धालुगण तथा निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।